Serial Number

| E-826 | Roll No. ................................ |
|---|---|

Higher Secondary Examination (Regular) - 2020

# बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी

# BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

| Total Questions : **26** | Total Printed Pages : **16** | Time : **3** Hours | Maximum Marks : **100** |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । जिनके अन्तर्गत सही विकल्प चुनिए, एक शब्द में उत्तर दीजिए, रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए, सही जोड़ी बनाइये एवं सत्य / असत्य लिखिए, आदि प्रश्नों होंगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए **5** अंक निर्धारित हैं ।

(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **10** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा **30** शब्द हैं ।

(iv) प्रश्न क्रमांक **11** से **14** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **3** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा **75** शब्द हैं ।

(v) प्रश्न क्रमांक **15** से **21** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **4** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा **120** शब्द हैं ।

(vi) प्रश्न क्रमांक **22** से **26** तक निबंधात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **5** अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा **150** शब्द हैं ।

(vii) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का कोई बंधन नहीं है ।

(viii) प्रश्न क्रमांक **6** से **26** तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गये हैं ।

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory** to solve.

(ii) Question Nos. **1** to **5** are objective type questions which contains choose the correct alternatives, answer in one word, fill up the blanks, match the columns, true or false etc. Each question carries **5** marks.

(iii) Question Nos. **6** to **10** are very short answer type questions. Each question carries **2** marks. Word limit **30** words.

(iv) Question Nos. **11** to **14** are short answer type questions. Each question carries **3** marks. Word limit **75** words.

(v) Question Nos. **15** to **21** are long answer type questions. Each question carries **4** marks. Word limit **120** words.

(vi) Question Nos. **22** to **26** are essay type questions. Each question carries **5** marks. Word limit **150** words.

(vii) There is no limit of words in numerical questions.

(viii) Question Nos. **6** to **26** have internal choices.

**1** सही विकल्प चुनिए : **1×5=5**

(अ) आय एवं व्यय खाता बनाया जाता है –

(i) फर्म द्वारा (ii) गैर–व्यापारिक संस्थाओं द्वारा

(iii) एकाकी व्यापारी द्वारा (iv) कम्पनी द्वारा

(ब) सामान्य लाभ पर वास्तविक लाभ का आधिक्य कहलाता है –

(i) औसत लाभ (ii) सामान्य लाभ

(iii) आकस्मिक लाभ (iv) अधिलाभ

(स) अ और ब लाभ और हानि का विभाजन 3 : 1 में करते हैं, स $\frac{1}{4}$ भाग के लिए प्रवेश करता है । अ और ब का त्याग अनुपात होगा –

(i) बराबर (ii) 3 : 1

(iii) 2 : 1 (iv) 3 : 2

(द) किसी साझेदार की सेवानिवृत्ति पर उसके पूँजी खाते को जमा किया जायेगा

(i) उसके भाग की ख्याति के साथ

(ii) फर्म की ख्याति के साथ

(iii) शेष साझेदारों के भाग की ख्याति के साथ

(iv) इनमें से कोई नहीं

(इ) संचित लाभ और संचय का हस्तांतरण किया जायेगा

(i) वसूली खाते में (ii) साझेदारों के पूँजी खाते में

(iii) बैंक खाते में (iv) ऋण खाते में

Choose the correct options :

(a) Income and expenditure a/c is made :

(i) By firm (ii) By non-trading concerns

(iii) By sole trader (iv) By company

(b) Excess of actual profit over normal profit is called :

(i) Average profit (ii) Normal profit

(iii) Contingent profit (iv) Super profit

(c) A and B share profits and losses in the ratio of 3:1. C is admitted into partnership for $\frac{1}{4}$ share. The sacrificing ratio of A and B is -

(i) equal (ii) 3 : 1

(iii) 2 : 1 (iv) 3 : 2

(d) On retirement of a partner, his capital account will be credited with -

(i) his share of goodwill

(ii) goodwill of the firm

(iii) shares of goodwill of remaining partners

(iv) none of these

(e) The accumulated profits and reserves are transferred to :

(i) Realization account (ii) Partner's capital a/c

(iii) Bank a/c (iv) Loan a/c

**2** एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×5=5

(अ) आय-व्यय खाता किस खाते की सहायता से बनाया जाता है ?

(ब) फर्म द्वारा साझेदारों की पूँजी पर ब्याज कब दिया जाता है ?

(स) अविका, माही एवं खुशी लाभ का भाग 5:3:2 में बाँटते हुए साझेदार हैं । माही फर्म से सेवानिवृत्त होती है । नया लाभ वितरण अनुपात क्या होगा ?

(द) सभी साझेदारों का दिवालिया होना किस प्रकार का समापन है ?

(इ) किन ऋणपत्रों का हस्तांतरण केवल सुपुर्दगी मात्र से हो जाता है ?

Answer in one word / sentences :

(a) By which accounts help the income and expenditure account is prepared ?

(b) When a firm can pay interest on partner's capital ?

(c) Avika, Mahi and Khushi are partners sharing profits in the ratio 5:3:2. Mahi retires from the firm. What will be the new profit sharing ratio ?

(d) Insolvent of all the partners leads to which type of dissolution ?

(e) Which type of debentures can be transferred by mere delivery ?

**3** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(अ) गुणनफल विधि द्वारा ________ पर ब्याज की गणना की जाती है ।

(ब) किसी नये साझेदार के प्रवेश पर परिसंपत्तिओं में हुई मूल्य वृद्धि को ________ खाते में क्रेडिट किया जाता है ।

(स) दायित्वों में कमी फर्म का ________ होती है ।

(द) फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को ________ खाते में हस्तांतरित करेंगे ।

(इ) आदर्श चल अनुपात ________ माना जाता है ।

Fill in the blanks :

(a) By product method, interest on ______ is calculated.

(b) On the admission of a new partner increase in the value of assets is credited in ________ a/c.

(c) Decrease in value of liabilities is firm's ______.

(d) On dissolution of a firm, bank overdraft is transferred to _______ a/c.

(e) The ideal current ratio is _______.

4 सही जोड़ी बनाइये : 1×5=5

| "अ" | "ब" |
|---|---|
| (अ) केवल व्यक्ति ही | (i) पुस्तक मूल्य पर दर्शायी जाती हैं । |
| (ब) लाभ (नफे) का अनुपात | (ii) विनियोग क्रिया |
| (स) वसूली खाते में सम्पत्तियाँ | (iii) कृत्रिम सम्पत्ति |
| (द) स्थायी सम्पत्ति का क्रय | (iv) नया अनुपात – पुराना अनुपात |
| (इ) ऋणपत्रों के निर्गमन पर कटौती | (v) साझेदार बन सकते हैं । |
| | (vi) पुराना अनुपात – नया अनुपात |

Match the columns :

| "A" | "B" |
|---|---|
| (a) Only individuals | (i) At book value |
| (b) The gaining ratio is equal to | (ii) Investing activities |
| (c) The assets are shown in realization A/c | (iii) Fictitious assets |
| (d) Purchase of fixed assets | (iv) New ratio – Old ratio |
| (e) Discount on issue of debentures | (v) Can become partners |
| | (vi) Old ratio – New ratio |

5 सत्य / असत्य लिखिए : 1×5=5

(अ) प्राप्ति और भुगतान खाता सभी पूँजीगत प्राप्तियों और भुगतानों का सारांश है ।

(ब) साझेदारी ठहराव में किया गया परिवर्तन फर्म का पुनर्गठन कहलाता है ।

(स) सेवानिवृत्त / मृत साझेदार को राशि का भुगतान एकमुश्त या किश्तों में ब्याज सहित किया जाता है ।

(द) एक निजी कम्पनी प्रविवरण जारी नहीं करती है ।

(इ) ऋणपत्रधारी को कम्पनी का अंशधारी भी कहते हैं ।

Write True / False :

(a) Receipt and payment account is a summary of all capital receipts and payments.

(b) A change in partnership agreement amounts to reconstitution of partnership firm.

(c) Retiring partner/deceased partner may be paid in one lump sum or instalment with interest.

(d) A private company does not issue the prospectus.

(e) Debentureholder is also called shareholder of a company.

6 'गैर–व्यावसायिक संस्था' का अर्थ लिखिए । 2

Write the meaning of 'non-trading organization'.

अथवा / OR

पेशेवर व्यक्ति किसे कहते हैं ?

Who are professional persons ?

7 त्याग का अनुपात क्या है ? 2

What is sacrificing ratio ?

अथवा / OR

नफे के अनुपात का अर्थ लिखिए ।

Write the meaning of gaining ratio.

8 त्वरित अनुपात क्या है ? 2

What is quick ratio ?

अथवा / OR

दीर्घकालीन ऋण से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by long term loans ?

9 वित्तीय विश्लेषण के विभिन्न उपकरणों के नाम लिखिए । (कोई दो) 2

State the names of different tools of financial analysis. (any two)

अथवा / OR

वित्तीय विश्लेषण की दो सीमाएँ लिखिए ।

Write any two limitations of financial analysis.

10 सकल लाभ अनुपात से क्या आशय है ? 2

What is meant by Gross Profit Ratio ?

अथवा / OR

बेचे गये माल की लागत किस प्रकार ज्ञात करते हैं ?

How would you find out the cost of goods sold ?

11 स्थिर पूँजी तथा परिवर्तनशील पूँजी खातों में कोई तीन अन्तर लिखिए । 3

Write any three differences between fixed capital and fluctuating capital account.

अथवा / OR

काजल एवं कामिनी एक फर्म में 3:2 के अनुपात में लाभ एवं हानि के विभाजन के साझेदार हैं । वे राहुल को $\frac{1}{4}$ भाग के लिए साझेदार बनाते हैं । और लाभ में से कम से कम रु. 50,000 देने की गारंटी देते हैं । 31 मार्च, 2015 को फर्म को रु. 1,60,000 का लाभ हुआ । इसके लिए लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइए ।

Kajal and Kamini share profits and losses in the ratio of 3:2. They admit Rahul as a partner with $\frac{1}{4}$ share in profits with a guarantee that his share of profit shall be at least Rs. 50,000. The net profit of the firm for the year ending $31^{st}$ March, 2015 was Rs. 1,60,000. Prepare Profit and Loss Appropriation A/c.

12 साझेदारी का विघटन एवं साझेदारी फर्म के विघटन में अंतर लिखिए । (कोई तीन) 3

Write difference between dissolution of partnership and dissolution of partnership firm. (Any three)

**अथवा / OR**

सुप्रिया और मोनिका साझेदार हैं । उनका लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 है । 31 मार्च, 2017 को उनका चिट्ठा निम्न है :

**31 मार्च, 2017 को सुप्रिया और मोनिका का चिट्ठा**

| *दायित्व* | *रकम (रु.)* | *सम्पत्तियाँ* | | *रकम (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| सुप्रिया की पूँजी | 32,500 | रोकड़ और बैंक | | 40,500 |
| मोनिका की पूँजी | 11,500 | स्टॉक | | 7,500 |
| विविध लेनदार | 48,000 | विविध देनदार : | 21,500 | |
| संचय कोष | 13,500 | – प्रावधान : | 500 | 21,000 |
| | | स्थायी सम्पत्तियाँ | | 36,500 |
| | ***1,05,500*** | | | ***1,05,500*** |

31 मार्च, 2017 को फर्म का विघटन हो गया । निम्न सूचनाओं से वसूली खाता बनाइए :

(1) देनदारों से 5% छूट पर वसूली हुई ।

(2) स्टॉक से रु. 7,000 वसूल हुए ।

(3) स्थायी सम्पत्तियों से रु. 42,000 वसूल हुए ।

(4) वसूली व्यय रु. 1,500 ।

(5) लेनदारों को पूर्ण भुगतान कर दिया गया ।

Supriya and Monika are partners who share profit in the ratio of 3:2. Following is the balance sheet as on 31st March, 2017 :

***Balance Sheet of Supriya and Monika as on 31st March, 2017.***

| *Liabilities* | *Amount (Rs.)* | *Assets* | | *Amount (Rs.)* |
|---|---|---|---|---|
| Supriya's Capital | 32,500 | Cash and Bank | | 40,500 |
| Monika's Capital | 11,500 | Stock | | 7,500 |
| Sundry Creditors | 48,000 | Sundry Debtors : | 21,500 | |
| Reserve Fund | 13,500 | – Provision | 500 | 21,000 |
| | | Fixed Assets | | 36,500 |
| | ***1,05,500*** | | | ***1,05,500*** |

The firm was dissolved on 31st March, 2017, prepare Realization Account from the following informations :

(i) Debtors realized at a discount of 5%.

(ii) Stock realized at Rs. 7,000.

(iii) Fixed assets realized at Rs. 42,000.

(iv) Realization expenses of Rs. 1,500.

(v) Creditors are paid in full.

http://www.mpboardonline.com

**13** अनिवार्य विघटन को समझाइए । **3**

Explain the compulsory dissolution.

**अथवा / OR**

वसूली खाता क्या है ?

What is a realization account ?

**14** अंश और स्कंध में कोई तीन अंतर लिखिए । **3**

Write the difference between share and stock. (any three)

**अथवा / OR**

एक सीमित कम्पनी ने जनता में रु. 50 वाले 80,000 समता अंश निर्गमित किए । सम्पूर्ण राशि आवेदन पर एकमुश्त प्राप्त हो गई । आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

A limited company issued 80,000 equity shares of Rs. 50 each to the public. The whole amount received on applications. Pass the necessary journal entries.

15 साझेदारी की मुख्य चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 4

Explain any four characteristics of partnership.

अथवा / OR

रवि एवं रोहित बराबर के साझेदार हैं । उनकी पूँजी क्रमशः रु. 40,000 तथा रु. 80,000 थी । वर्ष के अंत में खाते तैयार करने के बाद पता चला कि साझेदारों को पूँजी पर 5% वार्षिक दर से ब्याज नहीं दिया गया, जबकि संलेख में देना तय था। यह तय किया गया कि अगले वर्ष के आरंभ में एक समायोजन प्रविष्टि तैयार की जाए। आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए ।

Ravi and Rohit are equal partners. Their capitals are Rs. 40,000 and Rs. 80,000 respectively. After the accounts for the year have been prepared it is discovered that interest on capital at 5% p.a. as provided in the partnership agreement has not be credited to the capital accounts before distributing of profit. It is decided to make an adjustment entry at the beginning of next year. Record the necessary journal entry.

16 अनिल और विशाल साझेदार हैं । वे लाभ का विभाजन 3 : 2 में करते हैं । वे सुमित को नये साझेदार के रूप में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए प्रवेश देते हैं । अनिल, विशाल और सुमित के नये लाभ – विभाजन अनुपात की गणना कीजिए । 4

Anil and Vishal are partners sharing profits in the ratio of 3:2. They admitted Sumit as a new partner for $\frac{1}{5}$ share in future profits of the firm. Calculate new profit sharing ratio of Anil, Vishal and Sumit.

अथवा / OR

A तथा B क्रमशः 1:3 के अनुपात में एक फर्म में साझेदार हैं । वे भविष्य में अपना लाभ–विभाजन बराबर – बराबर रखने का निर्णय करते हैं । प्रत्येक साझेदार का नफे या त्याग का भाग ज्ञात कीजिए ।

A and B share profits in a firm in the ratio of 1:3 respectively. They decide to keep their profit sharing ratio equal in future. Find out the gain or sacrifice of each partner.

17 साझेदारी फर्म के पुनर्गठन के कोई चार ढंग (प्रकार) लिखिए । 4

Write any four modes or forms of reconstitution of partnership firm.

अथवा / OR

एक फर्म का औसत शुद्ध लाभ रु. 84,000 प्रति वर्ष है । व्यवसाय में विनियोजित पूँजी रु. 5,00,000 है । इस प्रकार के व्यवसाय में विनियोजित पूँजी पर प्रत्याय 12% है । साझेदारों को रु. 12,000 वार्षिक पारिश्रमिक दिया जाता है । ख्याति की गणना अधिलाभ की पूँजीकरण विधि द्वारा कीजिए ।

The average net profit of the firm is Rs. 84,000 per annum. Capital invested is Rs. 5,00,000. The rate of return in such business is 12%. Partner's are paid Rs. 12,000 for remuneration. Calculate the value of goodwill by capitalization method of super profit.

18 कम्पनी की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 4

Explain any four characteristics of a company.

अथवा / OR

यश लिमिटेड कम्पनी ने रु. 10 वाले 40,000 अंश जनता में निर्गमित किए । इन पर देय राशियाँ निम्नानुसार हैं – आवेदन पर रु. 4, आबंटन पर रु. 3 और शेष याचना पर । सभी राशियाँ यथा समय प्राप्त हो गई । कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

Yas Limited company issued 40,000 shares of Rs. 10 each to the public. Payable as Rs. 4 on application, Rs. 3 on allotment and the balance on call. All the amounts were received. Pass the journal entries in the books of the company.

19 अंशपत्र एवं ऋणपत्र में चार अंतर लिखिए । 4

Write any four differences between share and debenture.

अथवा / OR

एक्स वाई जेड इन्डस्ट्रीज लि.ने प्रति ऋणपत्र रु. 100 पर 2,000, 10% ऋणपत्रों को रु. 10 प्रीमियम पर निर्गमित किया । जो निम्नानुसार देय है :

आवेदन पर .................................... रु. 50

आबंटन पर .................................... रु. 60

सभी राशियाँ समय पर प्राप्त हो गई । कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियां कीजिए ।

XYZ Industries Ltd. issued 2,000, 10% debentures of Rs. 100 each, at a premium of Rs. 10 per debenture payable as follows :

On application ................................. Rs. 50

On allotment .................................... Rs. 60

All the amounts were received on time. Pass the journal entries in the book's of company.

20 ऋणपत्र के शोधन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए । 4

Explain the various methods of redemption of debentures.

अथवा / OR

पूजा जिसके पास 1000 अंश हैं जिनका निर्गमित मूल्य रु. 120 प्रति अंश (अंकित मूल्य रु. 100 प्रति अंश) है । उसने द्वितीय एवं अंतिम मांग (याचना) जो कि रु. 20 प्रति अंश है का भुगतान नहीं किया । कम्पनी द्वारा इन अंशों का हरण कर लिया गया । अंशों के हरण की आवश्यक पंजी प्रविष्टि कीजिए ।

Pooja, a shareholder, failed to pay the money for second and final call of Rs. 20 on 1,000 shares issued to him at Rs. 120 (face value of Rs. 100 per share). His shares were forfeited after the second and final call. Give the necessary journal entry for forfeiture of the shares.

21 वित्तीय विवरणों के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । (कोई चार) 4

State the objectives of financial statements. (any four)

अथवा / OR

वित्तीय विवरणों की सीमाएँ लिखिए । (कोई चार)

Write the limitations of financial statements. (any four)

22 प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा आय और व्यय खाते में पाँच अन्तर स्पष्ट कीजिए । 5

Distinguish between receipt any payment A/c and income and expenditure A/c. (any five) http://www.mpboardonline.com

अथवा / OR

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए, नीचे दिए गए क्लिन दिल्ली क्लब के प्राप्ति एवं भुगतान खाते से आय – व्यय खाता बनाइए ।

**प्राप्ति एवं भुगतान खाता, 31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए**

| प्राप्तियाँ | रकम (रु.) | भुगतान | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|
| शेष आगे लाये (प्रा. रोकड़ शेष) | 3,200 | वेतन | 1,500 |
| चंदा | 22,500 | किराया | 800 |
| प्रवेश शुल्क | 1,250 | बिजली | 3,500 |
| दान | 2,500 | कर | 1,700 |
| हॉल का किराया | 750 | छपाई व लेखन सामग्री | 380 |
| विनियोगों का विक्रय | 3,000 | विविध व्यय | 920 |
| | | पुस्तकों का क्रय | 7,500 |
| | | सरकारी बाण्डस का क्रय | 10,000 |
| | | बैंक में स्थायी जमा (31-3-2018 को) | 5,000 |
| | | शेष आगे ले गए | 1,900 |
| | ***33,200*** | | ***33,200*** |

From the Receipt and Payment Account given below, prepare the Income and Expenditure A/c of Clean Delhi Club for the year ended 31st March, 2018

**Receipt and Payment Account for the year ending 31st March, 2018.**

| ***Receipts*** | ***Amount (Rs.)*** | ***Payments*** | ***Amount (Rs.)*** |
|---|---|---|---|
| Balance b/d. (Cash in hand) | 3,200 | Salary | 1,500 |
| Subscriptions | 22,500 | Rent | 800 |
| Entrance Fees | 1,250 | Electricity | 3,500 |
| Donations | 2,500 | Taxes | 1,700 |
| Rent of Hall | 750 | Printing and Stationery | 380 |
| Sales of Investments | 3,000 | Sundry Expenses | 920 |
| | | Book Purchased | 7,500 |
| | | Govt. Bonds Purchased | 10,000 |
| | | Fixed Deposit with Bank (on 31-3-2018) | 5,000 |
| | | Balance c/d | 1,900 |
| | ***33,200*** | | ***33,200*** |

23 निवृत्तमान साझेदार को देय राशि की गणना किस प्रकार की जाती है ? 5

How to calculate the amount payable to retired partner ?

अथवा / **OR**

नीचे दिया गया चिट्ठा अ और ब का है । जो 31 मार्च, 2017 को साझेदारी व्यापार चला रहे हैं तथा 2:1 के अनुपात में लाभ का विभाजन करते हैं ।

*चिट्ठा 31 मार्च, 2017 का*

| *दायित्व* | *राशि (रु.)* | *सम्पत्तियाँ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| देय विपत्र | 10,000 | हस्तस्थ रोकड़ | 10,000 |
| विविध लेनदार | 58,000 | बैंकस्थ रोकड़ | 40,000 |
| अदत्त व्यय | 2,000 | विविध देनदार | 60,000 |
| पूँजी | | स्टॉक | 40,000 |
| अ : 1,80,000 | | संयंत्र एवं मशीनरी | 1,00,000 |
| ब : 1,50,000 | 3,30,000 | भवन | 1,50,000 |
| | ***4,00,000*** | | ***4,00,000*** |

उक्त तिथि को स को निम्न शर्तों पर साझेदार बनाया :

(1) स फर्म में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए रु. 1,00,000 और ख्याति के लिए रु. 60,000 लायेगा ।

(2) संयंत्र का मूल्य रु. 1,20,000 आंका गया और भवन के मूल्य में 10% की वृद्धि हुई ।

(3) स्टॉक रु. 4,000 से कम किया गया ।

(4) देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान बनाया जायेगा ।

(5) रु. 1,000 के लेनदारों का अभिलेखन नहीं हुआ ।

पुनर्मूल्याँकन खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए ।

Given below is the balance sheet of A and B, who are carrying on partnership business as on 31st March, 2017. A and B share profits in the ratio 2:1.

***Balance Sheet as on 31st March, 2017***

| ***Liabilities*** | ***Amount (Rs.)*** | ***Assets*** | ***Amount (Rs.)*** |
|---|---|---|---|
| Bills Payable | 10,000 | Cash in hand | 10,000 |
| Sundry Creditors | 58,000 | Cash at Bank | 40,000 |
| Outstanding Exp. | 2,000 | Sundry Debtors | 60,000 |
| Capital : | | Stock | 40,000 |
| A : 1,80,000 | | Plant and Machinery | 1,00,000 |
| B : 1,50,000 | 3,30,000 | Building | 1,50,000 |
| | ***4,00,000*** | | ***4,00,000*** |

C is admitted as a partner on the date of balance sheet on the following terms :

(1) C will bring Rs. 1,00,000 as his capital and Rs. 60,000 as his share of goodwill for 1/4 share in profit.

(2) Plant is to be appreciated to Rs. 1,20,000 and the value of building is to be appreciated by 10%.

(3) Stock is depreciated by Rs. 4,000.

(4) A provision for doubtful debts is to be created at 5% on debtors.

(5) Creditors were unrecorded to extent of Rs. 1,000.

Prepare Revaluation A/c and Partner's Capital A/cs.

**24** उन मुख्य श्रेणियों का संक्षिप्त में वर्णन करें जिनमें कम्पनी की अंशपूँजी वर्गीकृत होती है । **5**

Explain in brief the main categories in which the share capital of a company is divided.

अथवा / **OR**

कुमार लिमिटेड ने भानु ऑयल लिमिटेड से रु. 6,30,000 की सम्पत्तियाँ क्रय की । कुमार लिमिटेड ने समझौते के अनुसार रु. 100 वाले पूर्णदत्त अंशों का निर्गमन किया । कौन सी रोजनामचा प्रविष्टियाँ की जायेगी यदि अंशों का (i) सममूल्य पर निर्गमन हो और (ii) 20% प्रीमियम पर हो ।

Kumar Limited purchased assets of Rs. 6,30,000 from Bhanu Oil Ltd. Kumar Limited issued equity shares of Rs. 100 each fully paid up. What journal entries will be made if the shares are issued (i) at par and (ii) at premium 20%.

**25** निम्नलिखित सूचना से तरल अनुपात ज्ञात कीजिए : **5**

चालू दायित्व = रु. 50,000, चालू सम्पत्तियाँ = रु. 80,000

स्टॉक = रु. 20,000, पूर्वदत्त व्यय = रु. 10,000.

Calculate liquidity ratio from the following informations :

Current liabilities = Rs. 50,000, Current assets = Rs. 80,000

Inventories = Rs. 20,000, Prepaid exp. = Rs. 10,000.

**अथवा / OR**

चालू अनुपात 3.5 : 1 है । कार्यशील पूँजी रु. 90,000 । चालू सम्पत्तियाँ तथा चालू दायित्वों की राशि ज्ञात कीजिए ।

Current ratio is 3.5 : 1. Working capital is Rs. 90,000. Calculate the amount of current assets and current liabilities.

**26** संचालन क्रियाओं एवं विनियोग क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह में किन–किन मदों को शामिल किया जाता है ? **5**

What are the items included in cash flow from operating activities and investing activities ?

**अथवा / OR**

रोकड़ के अन्तर्बहाव और रोकड़ के बाह्यबहाव के 5-5 उदाहरण लिखिए ।

Write five examples of cash in flow and cash out flow.